**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3932**
**दिनांक 25 मार्च, 2025 के लिए प्रश्न**

**पशुधन बीमा योजना**

**3932. श्री कीर्ति आज़ादः**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय पशुधन मिशन की पशुधन बीमा योजना के अंतर्गत वर्तमान में कवर पशुधन की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार का मवेशियों और अन्य पशुधन के लिए व्यापक बीमा कवरेज सुनिश्चित करने के लिए पशुधन बीमा योजना हेतु बजट आवंटन में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में अपनी आजीविका के लिए पशुधन और पशुपालन पर निर्भर लोगों की संख्या कितनी है; और

(घ) अपर्याप्त बीमा कवरेज के कारण पशुपालन क्रियाकलापों में लगे व्यक्तियों के समक्ष आ रहे जोखिमों को दूर करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री**
**(प्रो. एस. पी. सिंह बघेल)**

(क) राज्यों और बीमा कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में कुल 21.01 लाख पशुधन का बीमा किया गया है।

(ख) राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) योजना के तहत पशुधन बीमा कार्यकलाप मांग के आधार पर संचालित होता है। विभाग राज्यों को पशुधन बीमा योजना के प्रस्ताव भेजने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है ताकि अधिक पशुधन को सम्मिलित किया जा सके।

(ग) विभाग, देश में आजीविका के लिए पशुधन और पशुपालन पर निर्भर रहने वाले लोगों की संख्या का आंकड़ा नहीं रखता है। हालांकि, 19वीं पशुधन संगणना के अनुसार, 10.08 करोड़ परिवार ऐसे हैं, जिनके पास पशुधन और/या पोल्ट्री है।

(घ) किसानों में पशुधन बीमा कार्यकलाप को बढ़ावा देने के लिए, सभी श्रेणियों और क्षेत्रों के लिए प्रीमियम का लाभार्थी हिस्सा मौजूदा 20 – 50% के बजाय 15% कर दिया गया है; शेष केंद्र और राज्य सरकार द्वारा पर्वतीय और उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में, पर्वतीय और उत्तर-पूर्वी राज्यों के अतिरिक्त अन्य राज्यों के लिए 60:40 के अनुपात में वहन किया जाएगा और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 100% केंद्र द्वारा वहन किया जाएगा। इसके अलावा, विभाग इस कार्यकलाप को बढ़ावा देने के लिए संगोष्ठी और शिविर, प्रचार, वीडियो कॉन्फ्रेंस जैसे व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। पशुपालन और डेयरी विभाग राज्य सरकारों को जागरूकता पैदा करने में सहायता प्रदान कर रहा है। एनएलएम योजना के तहत जागरूकता और प्रचार के लिए राज्यों को 100% केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा, क्षेत्रीय समीक्षा बैठकों के दौरान राज्यों को बीमा कवरेज बढ़ाने के निर्देश भी दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, विभाग पशुधन बीमा कार्यक्रम के पारदर्शी और कुशल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल तैयार कर रहा है।

*****